# वेटरनरी यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन





जबलपुर। नानाजी देशमुख वेटरनरी साइंस का समापन शुक्रवार दोपहर 2 बजे वेटरनरी कॉलेज के सभागार में हुआ। समापन समारोह का शुभारंभ  माननीय कुलपति प्रो मनदीप शर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पशु चिकित्सा और पशुपालन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा, मंच पर सम्मेलन के संयोजक सचिव डॉ देवेंद्र गुप्ता वीआईपीएम के अध्यक्ष ए.यू. भीकाने तथा जनरल सेक्रेटरी डॉ मुकेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय मुख्य अतिथि के स्वागत से हुआ।



मंचासीन अतिथियों द्वारा समापन समारोह में विभिन्न नौ वैज्ञानिक सत्रों में प्रस्तुत किए गए शोध पत्र एवं पोस्टर के प्रथम द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त शोधार्थियों एवं फैकल्टी को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। डॉ अंकित कुमार, डॉ. शिवांगी शर्मा को यंग साइंटिस्ट अवार्ड, रूमिनेंट मेडिसिन में शकनीत कौर को प्रथम, डॉ. भावना गुप्ता डॉ निधि राजपूत, डॉ अथिरा,डॉ अनुराग पटेल, डॉ. देवेंद्र पोद्दाडे, डॉ जाधव, डॉ. नीलेश सिंधु आदि। अपने उद्बोधन में माननीय कुलपति महोदय ने इस वैज्ञानिक सम्मेलन में विभिन्न श्रेणियों में प्रस्तुत शोध पत्रों में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले वैज्ञानिकों को हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी और कहा कि  इन तीन दिनों में सम्मेलन के विषयों पर इन दिनों जो विचार विमर्श किया जो नए शोध प्रस्तुत किया और जो ज्ञान का आदान–प्रदान हुआ वह सचमुच अभूतपूर्व था। इस सम्मेलन के विषय पर आप सभी वैज्ञानिकों ने अपने क्षेत्र में हो रहे शोध कार्य को साझा किया व गहन चर्चा की और जो जाना कि विज्ञान की दुनिया कितनी विशाल और आपस में जुड़ी हुई है भविष्य में विभिन्न राज्यों से आए वैज्ञानिकों के बीच यह सहयोग और समन्वय से निसंदे कोलैबोरेटिव रिसर्च प्रोजेक्ट पर काम संभव हो पाएगा। और हम वेटरिनरी मेडिसिन के नए आयाम को पशु चिकित्सा के क्षेत्र में उपयोग में ला सकेंगे। उन्होंने कहा कि मैं इस सम्मेलन के आयोजन समिति का हृदय से धन्यवाद करना चाहता हूं कि उन्होंने इतने महत्वपूर्ण विषय पर व्यापक और सफल सम्मेलन का आयोजन किया।

अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को तथा आयोजन समिति को सफल आयोजन हेतु बधाई दी। वी.आ.ई.पी.एम. के अध्यक्ष डॉक्टर ए.यू. भीकाने ने नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय तथा आयोजक समिति के सचिव डॉ. देवेंद्र गुप्ता एवं टीम को वी.आई.पी.एम. के

छठवें वार्षिक अधिवेशन एवं राष्ट्रीय सम्मेलन को सफलतापूर्वक संपन्न करने हेतु बहुत बधाई दी तथा अत्यंत खुशी जाहिर की कि पहली बार इतनी भारी संख्या में वैज्ञानिक इस सम्मेलन में एकत्रित हुए हैं। उन्होंने मंच से वीआईपीएम कि आगामी होने वाले सम्मेलन 2026 का स्थान घोषित कर



वीआईपीएम का ध्वज हैदराबाद राज्य के प्रतिनिधि को दिया।

इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के सफल आयोजन में डॉ. अमिता तिवारी, डॉ शिल्पा गजभिए डॉ बृजेश सिंह, डॉ रणवीर जाटव, डॉ शशि प्रधान, डॉ शिवांगी शर्मा सहित कार्यक्रम हेतु आयोजित समितियां के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों व पशु चिकित्सा विभाग के स्नातकोत्तर एवं शोधार्थी छात्र–छात्राओं का विशेष सहयोग रहा।

समापन कार्यक्रम में डॉ. पी.सी. शुक्ला, डॉ एम.एल.वी. राव, डॉ आदित्य मिश्रा, डॉ रणधीर सिंह, डॉ रामकिंकर मिश्र, विभिन्न राज्यों से पधारे वैज्ञानिक, एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। मंच का संचालन डॉ. शिवांगी शर्मा ने किया एवं आभार प्रदर्शन डॉ.बृजेश सिंह ने किया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर